राजस्थान सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर भीम, जिला राजसमंद

प्रकरण संख्या – 61/2022 राजस्व प्रा0 पत्र

## अनवान

1. डाऊ सिंह पिता वरद सिंह जाति रावत निवासी ग्राम सड़क का बाड़िया तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा।
2. राधा देवी पत्नि डाउ सिंह जाति रावत निवासी ग्राम सड़क का बाड़िया तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा।

प्रार्थीगण

बनाम

1. मांगीलाल पिता डूंगाराम जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
2. शांता पुत्री डूंगाराम जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
3. कंकू पत्नि डूंगाराम जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
4. कानाराम पिता भोजा जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
5. लक्ष्मी पुत्री भोजा जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
6. धन्नी पुत्री भोजा जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
7. कमला पत्नि गणेश जाति बलाई निवासी दहेडिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
8. रतनी पुत्री देवा जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
9. मोहन लाल पिता हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
10. सुखदेव पिता हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
11. बाबू लाल पिता हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
12. नेनाराम पिता हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
13. कंकू पुत्री हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम ज़िला राजसमंद।
14. कमला पुत्री हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
15. गीता पुत्री हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
16. केली पत्नि हेमा राम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
17. कमला पत्नि तिलोक जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
18. कालू राम पिता तिलोक जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
19. गोपाल पिता तिलोक जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।

कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भीम (राजसमन्द)

Signature valid
Digitally signed by Dooda Ram
Designation: Sub Divisional Officer
Date: 2025.06.13 12:18:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15993173

Scanned with CamScanner

20. प्रवीण कुमार पिता मोहन लाल जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
21. नरेश कुमार पिता मोहन लाल जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
22. करमा पिता पुनाराम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
23. सेसा पिता पुनाराम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
24. शंकर पिता पुनाराम जाति रेगर निवासी समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद।
25. गोमाराम पिता मकनाराम जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
26. सोहन लाल पिता मकनाराम जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।
27. मीठू लाल पिता मकनाराम जाति बलाई निवासी दहेड़िया तहसील भीम जिला राजसमंद।

अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 251 (क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

उपस्थित :-

1. प्रार्थीगण की ओर से एडवोकेट श्री नैना सिंह
2. अप्रार्थीगण की ओर से अप्रार्थी स्वयं

**निर्णय** दिनांकः- 05.06.2025

प्रार्थीगण एक प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 251 ए न्यायालय हाजा में पेश किया। जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि राजस्व ग्राम दहेड़िया पटवार मण्डल समेलिया तहसील भीम जिला राजसमंद में खसरा नम्बर 433 क्षेत्रफल 0.2752 है0 किस्म चाही खसरा नम्बर 436 रकबा 0.425 है0 किस्म चाही आराजी नम्बर 437 क्षेत्रफल 0.1295 है0 किस्म चाही खसरा नम्बर 460 रकबा 0.3885 है0 किस्म चाही खसरा नम्बर 461 रकबा 0.1214 है0 किस्म चाही कुल किता 05 क्षेत्रफल 0.9571 है0 भूमि के खातेदार काश्तकार है। हम प्रार्थीगणों को अपने घर से उपरोक्त वर्णित आराजी में कृषि कार्य हेतु आने-जाने, ट्रेक्टर, मवेशी लाने ले जाने में खसरा नम्बर 404 रकबा 0.2023 है0 किस्म चाही 01 खसरा नम्बर 407 रकबा 0.567 किस्म चाही खसरा नम्बर 405 रकबा 0.0243 है0 खसरा नम्बर 408 रकबा 0.0486 किस्म चाही खसरा नम्बर 413 रकबा 0.2145 किस्म चाही खसरा नम्बर 420 रकबा 0.1376 खसरा नम्बर 434 रकबा 0.1781 किस्म चाही में वर्षो से आने जाने हेतु रास्ते का उपयोग करते आ रहे है। परन्तु उक्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। उक्त रास्ता अप्रार्थी संख्या 01 से 27 की खातेदारी भूमि से होकर गुजरता है। दिनांक 18.05.2020 को अप्रार्थीगणों

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भीम (राजसमंद)

Signature valid
Digitally signed by Dooda Ram
Designation: Sub Divisional Officer
Date: 2025.06.13 1?:18:35 IST
Reason: Approved

Scanned with CamScanner

ने एक राय होकर उनकी खातेदारी खसरा नम्बर 404 की व 405 की मेड़ पर एक लोहे की फाटक लगाकर तथा एक पुरानी लकड़ी का किवाड़ लगाकर आगे के लिए रास्ता बंद कर दिया। हम प्रार्थीगण द्वारा अप्रार्थीगण को रास्ता खोलने के लिए निवेदन करने पर अप्रार्थीगण लड़ाई–झगड़ा करने पर उतारू हो गये व झूठे मुकदमों में फसाने की धमकियां देने लगे । हमारे द्वारा हमारी खातेदारी भूमि में अभी खाद डलवाई है तथा फसल बोने के लिए अन्य आवश्यक तैयारियां की जानी शेष है। लेकिन अप्रार्थीगण हमें हमारे खेत में आवागमन हेतु बाधा पैदा कर रहे है जिससे हमें भारी नुकसान होने की संभावना है। हम प्रार्थीगण को हमारे खेत में आने जाने के लिए अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं है। अतः हम मौजूदा रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाकर नियमानुसार प्रतिकर राशि अप्रार्थीगण को देने हेतु तैयार है। अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि हम प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि मे आने जाने के एकमात्र वैकल्पिक रास्ता जो वर्षों पुराना है में से आने जाने ट्रेक्टर, मवेशी लाने ले जाने हेतु 20 फिट चौड़ा रास्ता दिलवाने की कृपा करावें।

प्रार्थना पत्र को बाद जांच दिनांक 16.06.2022 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगणों को जरिये नोटिस तलब किया गया। लेकिन पर्याप्त अवसर देने के बावजूद अप्रार्थीगण न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। जिस पर दिनांक 08.05.2025 को उपस्थित होने हेतु अंतिम अवसर दिए गए। फिर भी उपस्थित नहीं होने पर दिनांक 15.05.2025 को अप्रार्थी संख्या 01 से 27 के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर जवाब बंद किया गया। प्रकरण में तहसीलदार भीम से मौका जांच रिपोर्ट तलब की गई जिस पर तहसीलदार भीम द्वारा कार्यालय पत्रांक भू.अ./2025/2153 दिनांक 23.04.2025 द्वारा मौका रिपोर्ट मय नजरी नक्शा व नक्शा ट्रेस पेश की जिसके अनुसार प्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 433, 436, 437, 460, 461 में चाहे गए रास्ते के अलावा और कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं है एवं मांग किये गये रास्ते की अत्यधिक आवश्यकता है। प्रस्तावित रास्ता खसरा नम्बर 701/398, 404, 413, 420, 434 में से 12 फिट चौड़ाई का प्रस्तावित किया गया है। जिनका कुल रकबा 0.071 है0 बनता है। जिसकी कुल डीएलसी राशि 92377 है। प्रस्तावित चाहे गए रास्ते पर पड़ने वाले खसरों में वर्तमान में कोई फसल, पेड़–पौधे व निर्माण इत्यादि नहीं है। प्रस्तावित रास्ता आगे खसरा नम्बर 398 ग्रामीण सड़क से मिलता है। मौका रिपोर्ट शामिल पत्रावली की जाकर पत्रावली वास्ते बहस दिनांक 05.06.2025 को मुकर्रर की गई।

दिनांक 05.06.2025 को प्रार्थीगण की एक पक्षीय बहस सुनी गई। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए न्यायालय में निवेदन किया कि हम प्रार्थीगणों को हमारी आराजी में आवागमन हेतु भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा अप्रार्थीगण जान बूझकर प्रकरण को लम्बा करने की नियत से न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब पेश नहीं कर रहे है। तहसीलदार भीम द्वारा पेश की गई मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाने का आदेश प्रदान करावें। एवं नियमानुसार प्रतिकर राशि जमा करवाने हेतु तैयार है।

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भीम (राजसमन्द)

Signature valid
Digitally signed by Dooda Ram
Designation: Sub Divisional Officer
Date: 2025.06.13 12:18:35 IST
Reason: Approved

Scanned with CamScanner

पत्रावली का आद्युपान्त अध्ययन, अवलोकन किया। पत्रावली में शामिल दस्तावेजों, प्रार्थना पत्र तहसीलदार भीम द्वारा पेश मौका रिपोर्ट, नक्शा ट्रेस आदि का अध्ययन, अवलोकन किया। प्रार्थी के बहस के बिन्दुओं को गंभीरता से विचार किया। सुसंगत कानूनी पहलुओं का अध्ययन, अवलोकन किया। प्रार्थीगण को अपनी आराजी में कृषि कार्य में आने जाने के लिए वैकल्पिक रास्ते का अभाव है तथा प्रार्थीगण को रास्ते की आत्यान्तिक आवश्यकता है जो तहसीलदार भीम द्वारा पेश की गई मौका रिपोर्ट से स्पष्ट होता है। अतः प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र काबिल स्वीकार होने से स्वीकार किये जाने योग्य है।

## आदेश

उपरोक्त विवेचना अनुसार एतदद्वारा यह आदेशित किया जाता है कि प्रार्थीगण के खसरा नम्बर 433, 436, 437, 460, 461 में आने जाने हेतु तहसीलदार भीम द्वारा पेश मौका रिपोर्ट के अनुसार खसरा नम्बर 701/398, 413, 404, 420, 434 में से लाल स्याही से दर्शाये गये 12 फिट चौड़ाई को रास्ता घोषित किया जाकर घोषित किये जाने का तहसीलदार भीम को निर्देशित किया जाता है कि संलग्न मौका रिपोर्ट के अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद कर पालना से न्यायालय को अवगत कराए। प्रार्थीगण संलग्न मौका रिपोर्ट के अनुसार खसरा नम्बर 701/398, 413, 404, 420, 434 में से कुल रकबा 0.0719 की निर्धारित डीएलसी की दुगुनी प्रतिकर राशि तहसीलदार भीम को जमा करवाए। तहसीलदार भीम प्रार्थीगण से प्राप्त प्रतिकर राशि को हक हिस्से अनुसार अप्रार्थीगण को भुगतान की जाकर राजस्व रिकॉर्ड में रास्ते के रूप में दर्ज करें। तहसीलदार भीम द्वारा पेश मौका रिपोर्ट इस निर्णय का अभिन्न अंग रहेगी। तहसीलदार भीम मौके पर रास्ता खुलवाया जाकर पालना से अवगत करावें। आवश्यकता अनुसार पुलिस जाब्ता थानाधिकारी पुलिस थाना भीम से प्राप्त करें। तहसीलदार भीम व थानाधिकारी भीम को पालना हेतु पृथक से तहरीर जारी हो। पक्षकारान् खर्चा अपना-अपना वहन करें।

निर्णय आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी भीम
जिला राजसमंद

(मुहर: सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, भीम (राजसमंद))

Signature valid
Digitally signed by Dooda Ram
Designation: Sub Divisional Officer
Date: 2025.06.13 12:18:35 IST
Reason: Approved

Scanned with CamScanner